# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 04/09/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** किस संगठन ने विश्व के बच्चों की स्थिति रिपोर्ट, 2025 जारी की?

**Ans**
✗ 1. UNDP
✗ 2. WHO
✓ 3. UNICEF
✗ 4. UNESCO

**Q.2** मद्रासपट्टनम शहर, जो बाद में विस्तारित होकर आधुनिक चेन्नई के रूप में विकसित हुआ, को ईस्ट इंडिया कंपनी (EIC) ने स्थानीय राजाओं से निम्नलिखित में से किस वर्ष खरीदा था?

**Ans**
✓ 1. 1639
✗ 2. 1690
✗ 3. 1620
✗ 4. 1658

**Q.3** मैंगनीज ग्रंथिकाएं (Manganese nodules) मुख्यतः ________ पर पाई जाती हैं।

**Ans**
✓ 1. महासागर तल
✗ 2. नदी डेल्टा
✗ 3. पहाड़ी ढलान
✗ 4. हिमनद सतह

**Q.4** विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) की रिपोर्ट, ग्लोबल एनुअल टु डिकेडल क्लाइमेट अपडेट (2025-2029), चेतावनी देती है कि पृथ्वी का औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से कितना अधिक बढ़ सकता है?

**Ans**
✗ 1. 2.0°C से 2.5°C
✓ 2. 1.2°C से 1.9°C
✗ 3. 0.8°C से 1.2°C
✗ 4. 2.5°C से 3.0°C

**Q.5** अर्थव्यवस्था के संबंध में भारत की दूसरी पंचवर्षीय योजना का मुख्य फोकस क्या था?

**Ans**
✓ 1. भारी औद्योगीकरण
✗ 2. हरित क्रांति
✗ 3. पर्यटन को बढ़ावा
✗ 4. सेवाओं का विस्तार

**Q.6** 20 मई, 2025 को सर्वोच्च न्यायालय ने सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) बनने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए किस आवश्यकता को बहाल किया?

Ans
- ✗ 1. न्यूनतम आयु 30 वर्ष
- ✗ 2. राष्ट्र-स्तरीय न्यायिक सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करना
- ✗ 3. कानून में अनिवार्य Ph.D.
- ✓ 4. तीन वर्ष के वकालत का अनुभव

**Q.7** 2025 में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के 7वें संस्करण की मेजबानी किस राज्य ने की?

Ans
- ✗ 1. महाराष्ट्र
- ✗ 2. कर्नाटक
- ✗ 3. गुजरात
- ✓ 4. बिहार

**Q.8** भारत की हरित क्रांति का जनक किसे माना जाता है?

Ans
- ✓ 1. एम.एस. स्वामीनाथन
- ✗ 2. डॉ. मनमोहन सिंह
- ✗ 3. पी.वी. नरसिम्हा राव
- ✗ 4. डॉ. वर्गीस कुरियन

**Q.9** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 130 के अनुसार, उच्चतम न्यायालय दिल्ली में अथवा ऐसे अन्य स्थान या स्थानों में अधिविष्ट होगा जिन्हें ___________ नियत करे।

Ans
- ✗ 1. राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के परामर्श से
- ✗ 2. संसद, विधि-निर्माण के माध्यम से
- ✓ 3. भारत का मुख्य न्यायाधीश, राष्ट्रपति के अनुमोदन से
- ✗ 4. केंद्रीय मंत्रिमंडल, विधि मंत्रालय की सलाह से

**Q.10** आकाशगंगाओं के बीच की असीम दूरी कैसे मापी जाती है?

Ans
- ✓ 1. प्रकाश वर्ष में
- ✗ 2. किलोमीटर में
- ✗ 3. सेकंड में
- ✗ 4. मील में

**Q.11** बेकिंग सोडा और सिरके की अभिक्रिया से निम्नलिखित में से कौन-सी गैस निकलती है?

Ans
- ✗ 1. कार्बन मोनोऑक्साइड
- ✗ 2. अमोनिया
- ✓ 3. कार्बन डाइऑक्साइड
- ✗ 4. हाइड्रोजन

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सी सेवा, संघ और राज्य सरकारों दोनों द्वारा संयुक्त रूप से नियंत्रित की जाती है?

Ans
- ✗ 1. केंद्रीय इंजीनियरिंग सेवा
- ✗ 2. राज्य चिकित्सा सेवा
- ✓ 3. भारतीय प्रशासनिक सेवा
- ✗ 4. भारतीय आर्थिक सेवा

**Q.13** उच्च संवृद्धि को बनाए रखने और क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने के लिए आधारिक संरचना का विकास आवश्यक है। निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र, सामान्यतः भारत में मुख्य कोर आधारिक संरचना सेक्टरों में शामिल नहीं है?

Ans
- ✗ 1. विद्युत
- ✗ 2. सीमेंट
- ✓ 3. पर्यटन
- ✗ 4. लोहा और इस्पात

**Q.14** ग्रामीण जनजातीय समुदायों की सेवा के लिए किस सामाजिक कार्यकर्ता को राममोहन आचार्य सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया?

**Ans**
- ✗ 1. अरुणा रॉय
- ✗ 2. मेधा पाटकर
- ✓ 3. पार्वती महतो
- ✗ 4. इरोम शर्मिला

**Q.15** वैज्ञानिकों की किस जोड़ी ने सर्वप्रथम DNA की संरचना के लिए डबल-हेलिक्स मॉडल का प्रस्ताव रखा था?

**Ans**
- ✗ 1. डार्विन और वालेस (Darwin and Wallace)
- ✗ 2. फ्रेंकलिन और शारगैफ (Franklin and Chargaff)
- ✓ 3. वाटसन और क्रिक (Watson and Crick)
- ✗ 4. मेंडल और एवरी (Mendel and Avery)

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सा, दक्कन पठार के पश्चिम में स्थित है?

**Ans**
- ✗ 1. पूर्वी घाट
- ✓ 2. पश्चिमी घाट
- ✗ 3. मैकल पर्वतमाला
- ✗ 4. महादेव पहाड़ियाँ

**Q.17** मई 2025 में, लखनऊ में आयोजित एक सेमिनार के दौरान किस भारतीय नेता ने 'राष्ट्र प्रथम (Nation First)' की भावना पर बल दिया?

**Ans**
- ✗ 1. नरेंद्र मोदी
- ✗ 2. राजनाथ सिंह
- ✓ 3. योगी आदित्यनाथ
- ✗ 4. अमित शाह

**Q.18** VLSRSAM का क्या अर्थ है, जिसका भारतीय नौसेना और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा 2025 में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था?

**Ans**
- ✗ 1. Versatile Launch System for Rocket Missiles (वर्सेटाइल लॉन्च सिस्टम फॉर रॉकेट मिसाइल)
- ✓ 2. Vertical-Launch Short-Range Surface-to-Air Missile (वर्टिकल-लॉन्च शॉर्ट-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल)
- ✗ 3. Variable Launch Strategic Recon Missile (वेरिएबल लॉन्च स्ट्रैटेजिक रिकॉन मिसाइल)
- ✗ 4. Very Large Surface Recon Air Missile (वेरी लार्ज सरफेस रिकॉन एयर मिसाइल)

**Q.19** सितंबर 2022 में नामीबिया से आठ अफ्रीकी चीतों को निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय उद्यान में स्थानांतरित किया गया था?

**Ans**
- ✗ 1. गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य (Gandhi Sagar Wildlife Sanctuary)
- ✗ 2. मुकुंदरा टाइगर रिजर्व (Mukundara Tiger Reserve)
- ✓ 3. कुनो राष्ट्रीय उद्यान (Kuno National Park)
- ✗ 4. बन्नी घासस्थल (Banni grasslands)

**Q.20** कोई यूजर, विंडोज पर एक फ़ोल्डर में कई फ़ाइलों का नाम बदलना चाहता है। इसे कुशलतापूर्वक करने का सही तरीका क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. फ़ाइलों को किसी अन्य फ़ोल्डर में खींच कर लाएं और वहां उनका नाम बदलें
- ✗ 2. प्रत्येक फ़ाइल को ओपन करें और उसे नए नाम से सेव करें
- ✓ 3. सभी फाइलें सेलेक्ट करें → Right-क्लिक करें→ Rename करें→ बेस नाम टाइप करें
- ✗ 4. सभी फाइलों का नाम बदलने के लिए Ctrl + Alt + R दबाएं

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा, कथन गुप्त वंश में उत्तराधिकार के संबंध में सत्य है?

Ans
- ✗ 1. राजसिंहासन पाने के लिए शासक सदैव स्वयं को दिव्य घोषित करता था
- ✓ 2. पुत्रों को एक सभा के समक्ष अपनी योग्यता सिद्ध करनी होती थी
- ✗ 3. ज्येष्ठ पुत्र को सदैव प्राथमिकता के आधार पर युवराज का ताज पहनाया जाता था
- ✗ 4. केवल ज्येष्ठ पुत्र ही राजा बन सकता था

Q.22 किस तांबा-आधारित मिश्रधातु को अपनी उच्च प्रतिरोधकता और निम्न ताप गुणांक के कारण मानक प्रतिरोधक बनाने के लिए एक वरीय सामग्री माना जाता है?

Ans
- ✗ 1. पीतल
- ✗ 2. टंगस्टन
- ✗ 3. ऐल्निको
- ✓ 4. मैंगनीन

Q.23 भारत के मूल निवासी जो विरोधी थे, साँवले थे और वैदिक पद्धति का पालन नहीं करते थे, उन्हें वैदिक ग्रंथों में ____________ कहा गया है।

Ans
- ✗ 1. दास
- ✗ 2. द्रविड़
- ✓ 3. दस्यु
- ✗ 4. आर्य

Q.24 स्वतंत्रता के समय भारत की अर्थव्यवस्था मुख्यतः __________ थी।

Ans
- ✗ 1. व्यापार-आधारित
- ✓ 2. कृषि
- ✗ 3. सेवा-आधारित
- ✗ 4. औद्योगिक

Q.25 कौन-सा शॉर्टकट कुंजी (key) संयोजन, विंडोज कंप्यूटर पर ओपन एप्लीकेशनों के बीच शीघ्रता से स्विच करने की सुविधा देता है?

Ans
- ✗ 1. Alt + F4
- ✓ 2. Alt + Tab
- ✗ 3. Alt + Del
- ✗ 4. Ctrl + Tab

Q.26 भारतीय संविधान के किस संशोधन द्वारा अनुच्छेद 39A (निःशुल्क कानूनी सहायता) जोड़ा गया?

Ans
- ✗ 1. 73वाँ संशोधन
- ✗ 2. 44वाँ संशोधन
- ✓ 3. 42वाँ संशोधन
- ✗ 4. 86वाँ संशोधन

Q.27 कौन-सा अनुच्छेद राष्ट्रपति के पद की स्थापना करता है?

Ans
- ✗ 1. अनुच्छेद 74
- ✓ 2. अनुच्छेद 52
- ✗ 3. अनुच्छेद 75
- ✗ 4. अनुच्छेद 53

Q.28 1498 में भारत की अपनी पहली सफल समुद्र-यात्रा के दौरान वास्को डि गामा (Vasco da Gama) के जहाज को कालीकट तक किसने चलाया था?

Ans
- ✗ 1. फ्रांसिस्को जेवियर (Francisco Xavier)
- ✓ 2. अब्दुल माजिद (Abdul Majid)
- ✗ 3. डी अलमेडा (De Almeida)
- ✗ 4. जमोरिन (Zamorin)

Q.29 लंदन के ग्रोसवेनर हाउस में आयोजित 2025 आइवर नोवेलो अवार्ड्स में सॉन्ग राइटर ऑफ द ईयर पुरस्कार किसे दिया गया?

Ans
- ✗ 1. एड शिरीन (Ed Sheeran)
- ✗ 2. सैम स्मिथ (Sam Smith)
- ✗ 3. रे (RAYE)
- ✓ 4. चार्ली XCX

Q.30 वैश्विक मंच पर भरतनाट्यम को लोकप्रिय बनाने के लिए निम्नलिखित में से किसे जाना जाता है?

Ans
- ✗ 1. सोनल मानसिंह
- ✗ 2. मल्लिका साराभाई
- ✓ 3. रुक्मिणी देवी अरुंडेल
- ✗ 4. हेमा मालिनी

Q.31 महाराष्ट्र के मुरलीकांत राजाराम पेटकर को निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में अर्जुन पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया?

Ans
- ✗ 1. शूटिंग (Shooting)
- ✗ 2. स्विमिंग (Swimming)
- ✓ 3. पैरा-स्विमिंग (Para-Swimming)
- ✗ 4. पैरा शूटिंग (Para-Shooting)

Q.32 सिंगरौली कोयला क्षेत्र, जो मुख्य रूप से मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में स्थित है, का एक छोटा हिस्सा किस अन्य राज्य में भी फैला है?

Ans
- ✗ 1. छत्तीसगढ़
- ✗ 2. ओडिशा
- ✗ 3. झारखंड
- ✓ 4. उत्तर प्रदेश

Q.33 सितंबर [2024] अटाकामा मरूस्थल, जहां अत्यंत बड़े टेलीस्कोप (ELT) का निर्माण कार्य चल रहा है, किस देश में स्थित है?

Ans
- ✗ 1. बोलीविया
- ✗ 2. अर्जेंटीना
- ✓ 3. चिली
- ✗ 4. पेरू

Q.34 निम्नलिखित में से कौन-सी अनुसूची, अनुसूचित क्षेत्रों और जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण से संबंधित है?

Ans
- ✓ 1. पांचवीं
- ✗ 2. छठी
- ✗ 3. नौवीं
- ✗ 4. सातवीं

Q.35 निम्नलिखित में से कौन-सा देश, भारत के साथ स्थलीय सीमा साझा नहीं करता है?

Ans
- ✓ 1. थाईलैंड
- ✗ 2. अफगानिस्तान
- ✗ 3. म्यांमार
- ✗ 4. भूटान

Q.36 AI-संचालित मीडिया कंपनी प्रिस्मिक्स (Prismix) का शुभारंभ किसने किया?

Ans
1. शाहरुख खान
2. आमिर खान
3. अजय देवगन ✓
4. सलमान ख़ान

Q.37 मई 2025 में पाकिस्तान द्वारा किए गए हमलों के दौरान ड्रोन एवं मिसाइलों को रोकने के लिए भारत द्वारा सुदर्शन चक्र नामक किस मिसाइल रक्षा प्रणाली का उपयोग किया गया था?

Ans
1. बराक 8 (Barak 8)
2. आकाशतीर (Akashteer)
3. पृथ्वी एयर डिफेंस (Prithvi Air Defence)
4. एस-400 सिस्टम (S-400 systems) ✓

Q.38 निम्नलिखित में से किस प्रसिद्ध चित्रकार के प्रयासों के कारण वारली (Warli) चित्रकला परंपरा को अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई?

Ans
1. एस.एच. रजा
2. अमृता शेरगिल
3. एम.एफ. हुसैन
4. जिव्या सोमा माशे ✓

Q.39 सुलभ डिजिटल स्वास्थ्य देखभाल के लिए e-SeHAT एप्लिकेशन किसने लॉन्च किया?

Ans
1. भूपेंद्र पटेल
2. पेमा खांडू
3. हेमंत सोरेन
4. उमर अब्दुल्ला ✓

Q.40 हूल दिवस, भारत में प्रति वर्ष 30 जून को __________ के संथाल हूल (विद्रोह) की याद में मनाया जाता है।

Ans
1. 1840
2. 1855 ✓
3. 1845
4. 1850

## Section : Mathematics

Q.1 ईशान ने ₹150/दर्जन की दर से कुछ पेन खरीदे। उसने ₹17 प्रति पेन की दर से उन्हें बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत ______ % है।

Ans
1. 34
2. 40
3. 38
4. 36 ✓

Q.2 ₹456 की धनराशि को तीन व्यक्तियों के बीच 16 : 14 : 8 के अनुपात में बांटा गया है। वितरण में सबसे बड़े और सबसे छोटे हिस्से में कितना अंतर (₹ में) है?

Ans
1. 48
2. 133
3. 120
4. 96 ✓

Q.3 दो संख्याओं का योगफल 81 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) 420 है। वे दोनों संख्याएं ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 14, 67
✗ 2. 19, 62
✗ 3. 26, 55
✓ 4. 21, 60

Q.4 शिफा एक काम को 20 दिनों में पूरा कर सकती है। शिफा और अफिया मिलकर उसी काम को 12 दिनों में पूरा कर सकती हैं, और शिफा, अफिया और मरियम मिलकर उसी काम को 9 दिनों में पूरा कर सकती हैं। शिफा और मरियम मिलकर उसी काम को कितने दिनों में पूरा कर सकती हैं?

Ans
✗ 1. $\frac{83}{8}$
✓ 2. $\frac{90}{7}$
✗ 3. $\frac{85}{9}$
✗ 4. $\frac{80}{7}$

Q.5 संख्याओं 10.8 और 0.06 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 1.08
✓ 2. 10.8
✗ 3. 108
✗ 4. 0.108

Q.6 एक धनराशि चक्रवृद्धि ब्याज की एक निश्चित दर पर 3 वर्षों में तीन गुनी हो जाती है। कितने वर्षों में यह धनराशि 27 गुना हो जाएगी?

Ans
✗ 1. 17 वर्ष
✗ 2. 3 वर्ष
✗ 3. 11 वर्ष
✓ 4. 9 वर्ष

Q.7 एक व्यापारी चावल को 68% के लाभ पर बेचने का दावा करता है, लेकिन वह बेईमानी से उस बांट पर अंकित वजन से 12% कम वजन का उपयोग करता है। व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ का कुल प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (उत्तर को निकटतम पूर्ण संख्या में पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
✗ 1. $88\%$
✓ 2. $91\%$
✗ 3. $96\%$
✗ 4. $89\%$

Q.8 आर्यन को 977 km दूर स्थित अहमदाबाद 11 घंटे में पहुँचना है। 4 घंटे के लिए उसकी प्रारंभिक चाल 39 km/hr थी। अगले 140 km के लिए उसकी चाल 35 km/hr थी। 11 घंटे के निर्धारित समय में अहमदाबाद पहुँचने के लिए उसे अब किस चाल से यात्रा करनी चाहिए?

Ans
✗ 1. 229 km/hr
✗ 2. 231 km/hr
✓ 3. 227 km/hr
✗ 4. 221 km/hr

**Q.9** $7^2 + \sqrt{10^2} - 2\sqrt{64} - 6$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 46
- ✓ 2. 37
- ✗ 3. 38
- ✗ 4. 29

**Q.10** एक सीलिंग फैन का अंकित मूल्य ₹2,500 है। ऑफ सीजन में इसे ₹1,360 में बेचा जाता है। छूट प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 44.5%
- ✓ 2. 45.6%
- ✗ 3. 45%
- ✗ 4. 42%

**Q.11** दो क्रमागत प्राकृत संख्याओं का गुणनफल 30 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. 24
- ✓ 2. 6
- ✗ 3. 3
- ✗ 4. 12

**Q.12** M और N ने एक व्यवसाय शुरू किया। M ने 5 महीनों के लिए, N से ₹66,000 अधिक का निवेश किया, जबकि N ने 7 महीनों के लिए निवेश किया। ₹3,895 के कुल लाभ में से M का हिस्सा, N के हिस्से से ₹205 अधिक है। M द्वारा निवेश की गई पूँजी ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. ₹1,84,800
- ✗ 2. ₹1,84,849
- ✗ 3. ₹1,84,602
- ✗ 4. ₹1,84,910

**Q.13** $\sqrt{196} + \sqrt{0.0324} - \sqrt{5.76}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 3.21
- ✗ 2. 8.04
- ✗ 3. 16.52
- ✓ 4. 11.78

**Q.14** A दो स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक 19 दिनों में बिछा सकता है और B उसी कार्य को 15 दिनों में पूरा कर सकता है। C की सहायता से उन्होंने यह कार्य केवल 3 दिनों में पूरा कर लिया। C अकेले यह कार्य कितने दिनों में पूरा कर सकता है?

**Ans**
- ✗ 1. $11\frac{41}{61}$ दिन
- ✗ 2. $13\frac{41}{61}$ दिन
- ✓ 3. $4\frac{41}{61}$ दिन
- ✗ 4. $7\frac{41}{61}$ दिन

Q.15 $\frac{sin^3 A - cos^3 A}{1+\sin A .\cos A} + 2\ sin^2\ 54° \ sec^2\ 36°$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $\sin A + \cos A - 2$
✗ 2. $2(1 + \sin A.\ \cos A)$
✗ 3. $\sin A\ .\ \cos A + 2$
✓ 4. $\sin A - \cos A + 2$

Q.16 एक बल्लेबाज द्वारा 23 मैचों में बनाए गए रनों का औसत 44 है। अगले 10 मैचों में, बल्लेबाज द्वारा बनाए गए रनों का औसत 14 है। सभी 33 मैचों में उसके द्वारा बनाए गए औसत रन (दशमलव के बाद दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 34.91
✗ 2. 33.91
✗ 3. 36.91
✗ 4. 35.91

Q.17 शाहिद और मीरा को अपनी-अपनी कारों से दिल्ली से कानपुर जाना है। शाहिद 132 km/hr की चाल से ड्राइव कर रहा है, जबकि मीरा 60 km/hr की चाल से ड्राइव कर रही है। यदि शाहिद को कानपुर पहुँचने में 5 घंटे लगते हैं, तो मीरा को कानपुर पहुँचने में कितना समय लगेगा?

Ans
✗ 1. 4 घंटे
✓ 2. 11 घंटे
✗ 3. 1 घंटे
✗ 4. 8 घंटे

Q.18 3% प्रति माह की ब्याज दर से 5 महीने में ₹1,200 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 180
✗ 2. 30
✗ 3. 15
✗ 4. 35

Q.19 यदि एक लम्ब वृत्तीय बेलन के आधार की त्रिज्या 19% कम कर दी जाए तथा इसकी ऊंचाई 122% बढ़ा दी जाए, तो इसके आयतन में प्रतिशत वृद्धि (निकटतम पूर्णांक तक) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 50%
✗ 2. 33%
✓ 3. 46%
✗ 4. 40%

Q.20 दो संख्याओं का योगफल 115 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) 600 है। वे दोनों संख्याएं ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 40, 75
✗ 2. 45, 70
✗ 3. 38, 77
✗ 4. 33, 82

Q.21 निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$3\left(\left(\frac{4}{3}\right)x^2 - 25x + 12\right) - 4(x^2 + 7x - 18)$$

Ans
✗ 1. −103x − 108
✗ 2. 103x − 108
✓ 3. −103x + 108
✗ 4. 103x + 108

Q.22 पाँच संख्याओं का योग 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 80 है, और तीसरी संख्या 103 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 183
- ✓ 2. 196
- ✗ 3. 184
- ✗ 4. 197

Q.23 संख्याओं 14.2 और 0.05 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 14.2
- ✗ 2. 142
- ✗ 3. 1.42
- ✗ 4. 0.142

Q.24 रूपेश को उसकी बिक्री राशि में पहले वर्ष में 4% की वृद्धि और दूसरे वर्ष में 25% की वृद्धि प्राप्त हुई; इसके साथ ही, उसकी वर्तमान बिक्री ₹1,35,200 है, दो वर्ष पूर्व उसकी बिक्री (₹ में) कितनी थी?

Ans
- ✓ 1. ₹1,04,000
- ✗ 2. ₹1,30,000
- ✗ 3. ₹84,000
- ✗ 4. ₹1,08,160

Q.25 6 वर्ष पहले, एक पिता की आयु उसके पुत्र की आयु के दोगुने से 40 वर्ष अधिक थी। अब से कितने वर्ष बाद, उसकी आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी हो जाएगी?

Ans
- ✗ 1. 37
- ✗ 2. 33
- ✗ 3. 30
- ✓ 4. 34

Q.26 5 cm, 12 cm और 13 cm भुजाओं वाले त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 60 $cm^2$
- ✓ 2. 30 $cm^2$
- ✗ 3. 32.5 $cm^2$
- ✗ 4. 78 $cm^2$

Q.27 एक दुकानदार '₹6000 का सामान खरीदें और ₹1000 का सामान मुफ़्त पाएं' की स्कीम छूट देता है। प्रभावी छूट प्रतिशत (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) कितना होगा?

Ans
- ✗ 1. 12%
- ✓ 2. 14.29%
- ✗ 3. 20%
- ✗ 4. 16.67%

Q.28 यदि 8 और 56 का तृतीयानुपाती x है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 390
- ✓ 2. 392
- ✗ 3. 393
- ✗ 4. 394

Q.29 एक संख्या को 100% बढ़ाने पर 2690 प्राप्त होता है। संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 4035
- ✗ 2. 2690
- ✗ 3. 672.5
- ✓ 4. 1345

Q.30 एक समबहुभुज के सभी आंतरिक कोणों का योग उसके सभी बाह्य कोणों के योग के दोगुने के बराबर होता है। बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 8
✗ 2. 3
✗ 3. 4
✓ 4. 6

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 एक कक्षा के सभी 119 विद्यार्थी उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में खड़े हैं। टीका दाएं छोर से 20वें स्थान पर है, जबकि विष्णु बाएं छोर से 29वें स्थान पर है। टीका और विष्णु के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं?

Ans
✓ 1. 70
✗ 2. 72
✗ 3. 69
✗ 4. 71

Q.2 यदि संख्या 4792536 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सभी सम अंकों का योग कितना होगा?

Ans
✗ 1. 16
✓ 2. 18
✗ 3. 12
✗ 4. 14

Q.3 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएँ लागू करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी तरीके से संबंधित हैं जिस तरीके से निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/ घटाना/ गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 तथा 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

96, 12
184, 23

Ans
✗ 1. 164, 20
✗ 2. 172, 21
✗ 3. 130, 16
✓ 4. 144, 18

Q.4 सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। B के बायीं ओर केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। A के दायीं ओर केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। F के ठीक बाएं पड़ोस में लेकिन D के दायीं ओर C बैठा है। E, D के दायीं ओर नहीं बैठा है। G के दायीं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. तीन
✓ 2. एक भी नहीं
✗ 3. चार
✗ 4. पांच

**Q.5** यूसुफ बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

**Ans**
✗ 1. 2 km उत्तर की ओर
✗ 2. 2 km दक्षिण की ओर
✗ 3. 1 km पूर्व की ओर
✓ 4. 1 km पश्चिम की ओर

**Q.6** उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे 172 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, मिस्टर मैक्सी दाएं छोर से 21वें स्थान पर हैं। यदि मिस्टर हान, मिस्टर मैक्सी के बाएं 61वें स्थान पर हैं, तो मिस्टर हान पंक्ति के बाएं छोर से किस स्थान पर है?

**Ans**
✗ 1. 90वें
✓ 2. 91वें
✗ 3. 92वें
✗ 4. 93वें

**Q.7** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

GNU 11, DKR 21, AHO 41, XEL 81, UBI 161, ?

**Ans**
✗ 1. YYF 321
✓ 2. RYF 321
✗ 3. RYF 320
✗ 4. ROF 321

**Q.8** यदि संख्या 56218643 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

**Ans**
✗ 1. एक भी नहीं
✗ 2. तीन
✓ 3. एक
✗ 4. दो

**Q.9** उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

FCV : KZQ
ZQB : ENW

**Ans**
✗ 1. YNQ : BIT
✗ 2. FLH : KHM
✗ 3. MUV : QPZ
✓ 4. PWL : UTG

**Q.10** एक निश्चित कूट भाषा में, 'ALSO' को '4367' तथा 'SLOT' को '2347' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
✗ 1. 7
✗ 2. 4
✗ 3. 3
✓ 4. 2

Q.11 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

**कथन:**
सभी पिन, ईंटें हैं।
सभी पिन, रूलर हैं।

**निष्कर्ष:**
**(I)** कुछ ईंटें, रूलर हैं।
**(II)** सभी रूलर, पिन हैं।

Ans
✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✓ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.12 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
सभी पंखे, लाइट हैं।
कोई पंखा, बल्ब नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई लाइट, बल्ब नहीं है।
(II) कोई बल्ब, पंखा नहीं है।

Ans
✗ 1. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।
✗ 2. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
✓ 3. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
✗ 4. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

Q.13 संख्या 7841236 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
✗ 1. तीन
✗ 2. एक
✓ 3. एक भी नहीं
✗ 4. दो

Q.14 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. MI-QW
✗ 2. GK-OU
✗ 3. VZ-DJ
✗ 4. QU-YE

Q.15 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

6 6 12 36 ? 720

Ans
✓ 1. 144
✗ 2. 108
✗ 3. 120
✗ 4. 172

Q.16 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

48 69 94 123 156 ?

Ans
1. 223
2. 193
3. 203
4. 213

Q.17 सात डिब्बे I, J, K, L, M, N और P एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। M के ऊपर केवल L रखा है। M और J के बीच केवल P रखा है। K के नीचे केवल N रखा है। I और N के बीच कितने डिब्बे रखे हैं?

Ans
1. एक
2. चार
3. तीन
4. दो

Q.18 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंको वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 781 752 642 105 864 (दाएं)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी चाहिए।)

दी गई संख्याओं में से कितनी संख्याओं में किसी संख्या का तीसरा अंक उसी संख्या के पहले अंक के साथ-साथ दूसरे अंक का भी गुणनखंड है?

Ans
1. तीन
2. दो
3. चार
4. एक भी नहीं

Q.19 यदि संख्या 56218643 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो बनने वाली नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
1. एक भी नहीं
2. तीन
3. एक
4. दो

Q.20 एक निश्चित कूट भाषा में, 'youth shirt knife' को 'nv to wh' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'shirt son night' को 'ch rb to' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'shirt' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
1. wh
2. nv
3. ch
4. to

Q.21 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 2 / \ < > 2 5 $ % + 6 3 / 6 5 6 9 3 @ < & (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अन्य संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
1. चार
2. एक
3. तीन
4. दो

Q.22 दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, प्रश्न-चिह्न (?) को निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

PHZ 3, SKC 7, VNF 15, YQI 31, BTL 63, ?

Ans
1. EWO 128
2. FWO 127
3. EWO 127
4. EHO 127

Q.23 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A = B' का अर्थ है, कि 'A, B का भाई है',
'A ¥ B' का अर्थ है, कि 'A, B का पिता है',
'A # B' का अर्थ है, कि 'A, B की पत्नी है' और
'A % B' का अर्थ है, कि 'A, B की बहन है'।

यदि 'B ¥ O % A = T # S' है, तो B का S से क्या संबंध है?

Ans
1. पत्नी का भाई
2. पत्नी की माता
3. पत्नी का पिता
4. पत्नी की बहन

Q.24 सात व्यक्ति D, E, F, G, H, I और O, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। O के बाएं से गिनने पर H और O के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। I, D के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। F, E के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। I, F के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। G, F का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G के दाएं से गिनने पर G और O के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. तीन
2. एक
3. दो
4. चार

Q.25 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. JNT
2. WAG
3. NRY
4. CGM

Q.26 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
EGO : FHP
WSD : XTE

Ans
1. TYC : UZE
2. CUT : DVU
3. POI : QPK
4. JUG : KVI

Q.27 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. BE-HM
2. SV-YD
3. DG-JO
4. FI-LO

**Q.28** निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

HARD - AHRD - DRAH
ITEM - TIEM - METI

**Ans**
1. WENT - EWNT - TENW
2. BITE - BTIE - ETIB
3. LONG - OLNG - ONGL
4. DUSK - UDSK - KSUD ✔

**Q.29** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

92 83 74 ? 56 47 38

**Ans**
1. 69
2. 62
3. 67
4. 65 ✔

**Q.30** सोफी, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करती है और दक्षिण की ओर 8 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 6 km ड्राइव करती है, फिर बाएं मुड़ती है और 5 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़ती है और 6 km ड्राइव करती है। वह अंत में दाएं मुड़ती है और 9 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाती है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

**Ans**
1. 18 km, दक्षिण की ओर
2. 22 km, दक्षिण की ओर
3. 22 km, उत्तर की ओर ✔
4. 18 km, पूर्व की ओर